**खबर संक्षेप**

### अखण्ड ज्योत के पूजन के साथ श्री झूलेलाल चालीसा महोत्सव होगा आज प्रारंभ

**मण्डला।** सिंधी समाज के इष्ट देव भगवान श्री झूलेलाल की आराधना श्रद्धा भक्ति का पर्व चालीसा महोत्सव अंबेडकर वार्ड स्थित भगवानी बाई केवल राम श्री झूलेलाल मंदिर में प्रतिवर्ष धूमधाम से मनाया जाता है,चालीसा महोत्सव का उद्देश्य सभी परिवारों की खुशहाली के लिए कामना करना है, इसी तारतम्य में इस वर्ष सोमवार 15 जुलाई को चालीसा महोत्सव का प्रारंभ किया जा रहा है,सुबह को सामाजिक पंडित वासुदेव शर्मा के द्वारा श्री झूलेलाल मंदिर में अखंड ज्योत जलाकर चालीसा महोत्सव का आरंभ किया जाएगा,चालीस दिन के इस धार्मिक आयोजन में मंदिर में सुबह-शाम आरती पूजा में श्रद्धालु एकत्रित होते हैं, चालीसा महोत्सव से जुड़े श्रद्धालु चालीस दिन उपवास के दौरान श्रद्धालु भक्ति करेंगे और इष्ट देव की आराधना करेंगे,इस आयोजन के लिए सभी तैयारियां की जा रही हैं ,जिसमें मंदिर की साज सज्जा, विशेष प्रसादी चढ़ावा और अन्य सामग्री एकत्रित करने की तैयारियां शामिल हैं, चालीस दिनों तक विभिन्न आयोजन के साथ 23 अगस्त को इसका समापन किया जाएगा। प्रतिवर्ष आयोजित श्री झूलेलाल चालीसा महोत्सव में श्रद्धालुओं के द्वारा विविध आयोजन किए जाते हैं, जिसमें सुबह-शाम आरती पूजा के अलावा नाना प्रकार के व्यंजन का भोग लगाया जाता है, हर शुक्रवार को महाआरती की जाएगी एवं विशेष अवसर पर छप्पन भोग एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव से भगवान श्री झूलेलाल की आराधना करते हैं, आयोजन के समापन में आम लंगर आयोजित किया जाता है जिसमें बड़ी संख्या में धार्मिक जन श्रद्धालु शामिल होते हैं।

### जेईई नीट कोचिंग क्लासेस आज से

**मण्डला।** प्रोजेक्ट ज्ञानार्जन 2.0 के तहत नीट तथा जेईई की कोचिंग क्लासेस 15 जुलाई 2024 से प्रारंभ हो रही हैं। ये कक्षाएं उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में प्रतिदिन प्रातः 7 से 9:30 बजे तक संचालित होंगी। प्रोजेक्ट ज्ञानार्जन 2.0 के तहत चयनित विद्यार्थियों को निर्धारित समय पर कोचिंग हेतु उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए शिविर आज से

**मण्डला।** लम्बित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए 15 जुलाई से 26 जुलाई 2024 तक जिला पेंशन कार्यालय मंडला में पेंशन शिविर का आयोजन किया गया है। कलेक्टर ने सभी कार्यालयों को निर्देशित किया है कि जून तक के लम्बित पेंशन प्रकरण प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक अनिवार्य रूप से जिला पेंशन कार्यालय में जमा कर शिविर अवधि में ही निराकरण करना सुनिश्चित करें।

**प्रत्येक विद्यार्थी को बेहतर शिक्षा देना सरकार की प्राथमिकता**

# पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ

*** आरडी कॉलेज में हुआ आयोजन।**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रदेश के समस्त 55 जिलों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इंदौर में किया गया। इसी कड़ी में जिले के रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की श्रेणी में अपग्रेड कर चयनित किया गया है जिसका शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष सोनू भलावी, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर निखारे, भीष्म द्विवेदी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, महाविद्यालय के प्राचार्य विजेन्द्र चौरसिया तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित संबंधित उपस्थित रहे। कार्यक्रम में इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा सुना गया।

इस अवसर पर दूरभाष के माध्यम से छात्र-छात्राओं को भेजे गए संदेश में प्रदेश सरकार की पीएचई मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को बेहतर शिक्षा देना सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। इसी क्रम में प्रदेश के सभी जिलों से एक महाविद्यालय को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में अपग्रेड किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यालय में हो रहे सुविधाओं के विस्तार से जिले के विद्यार्थी लाभ लेते हुए अपने लक्ष्य को हासिल करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने कहा कि महाविद्यालय के अपग्रेड होने से जिले के विद्यार्थियों में खासा उत्साह है। उन्होंने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि महाविद्यालय में उपलब्ध होने वाले संसाधन और सुविधाओं का लाभ लेते हुए अपने लक्ष्य को हासिल करें। नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने कहा कि महाविद्यालय का उन्नयन जिले के विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगा। जनपद अध्यक्ष सोनू भलावी ने कहा कि सभी विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ें तथा अपने सपनों को पूरा करते हुए जिले का नाम रोशन करें। जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा ने कहा कि शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए सरकार द्वारा लगातार कार्य किए जा रहे हैं। दूरस्थ अंचलों में भी महाविद्यालयों का खोला जाना सराहनीय कदम है। उन्होंने महाविद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इससे पूर्व कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य विजेन्द्र चौरसिया ने कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों के लिए बस सुविधा का शुभारंभ किया गया तथा विद्यावन में पौधरोपण किया गया। आभार प्रदर्शन डॉ. टीपी मिश्रा द्वारा किया गया।





# तीसरे दिन भी बस स्टैंड पर नहीं आई बसे, हाईवे से हो रहा संचालन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

बिछिया बस स्टैंड में आज तीसरे दिन भी बसें नहीं आई पूरा बस स्टैंड सुना पड़ा रहा जहां लगभग दिन भर 60–70 बसें बिछिया रायपुर जबलपुर, मण्डला, भोपाल, बालाघाट डिंडोरी, सिवनी, नागपुर सहित अनेक बड़े स्थानों पर जाने वाली बसें एनएच-30 पर खड़ी रही और वहीं से यात्री आवागमन करते रहे ऐसी स्थिति हाईवे पर ट्रैफिक व्यवस्था ज्यादा होने से अनेक दुर्घटनाएं होने की आशंकाएं बनी हुई है। विगत दिनों बस ऑपरेटर संघ द्वारा अनुविभागीय अधिकारी बिछिया को ओर नगर परिषद मुख्य नगर पालिका अधिकारी, थाना प्रभारी बिछीया को ज्ञापन सौंपा था जिसमें बताया गया था कि जब तक बस स्टैंड से अतिक्रमण नहीं हटता तब तक बसें बस स्टैंड नहीं जाएंगी। उन्होंने संकेत भी दिया था बस स्टैंड के प्रारंभिक शुरुआत में गांधी गेट के आगे दिन में 5 से 10 बार जाम लगता है और ये जाम अनियंत्रित मोटरसाइकिल व्हीकल वहां दुकान दरों द्वारा बाहर बैठने की व्यवस्था ओर दुकानों के सामने मोटर साइकिल अव्यस्थित ढंग से खड़ी की जाती है इस कारण आवागमन में भरी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और इस दौरान अगर कोई बस यात्री वाहन से कोई हल्की सी घटना हो जाती है तो बस चालक-परिचालक के साथ अभद्रता की जाती है ऐसी स्थिति में बस मालिक द्वारा विगत शुक्रवार से बसों का संचालन हाईवे से संचालित किया जा रहा है। मगर प्रशासनिक व्यवस्था अब तक की स्थिति में कोई समुचित कार्यवाही नहीं किए जाने के कारण ये व्यवस्था लंबी चलने की संभावना दिख रही है, इससे लगता है कि प्रशासनिक व्यवस्था इस ओर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रही है। अतः वरिष्ठ अधिकारियों से जन अपेक्षा हैं शीघ्र कार्यवाही कर व्यवस्था सुदृढ़ की जाए।



# मंगली से चिल्फी मार्ग प्रतिबंधित

*** परिवर्तित मार्ग का उपयोग करें यात्री।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जबलपुर-रायपुर हाइवे निर्माण के समय से ही लगातार विवादों में रहा है इस हाइवे से लोगो को सुविधा कम असुविधाओ का सामना ज्यादा करना पड़ रहा है गुणवत्ताहीन एवं तकनीकि रूप से त्रुटिपूर्ण निर्माण के चलते जहां पहले दुर्घटनाओं से कई निर्दोषों की जान चली गई तो वहीं आये दिन लगते जाम एवं मार्ग की रूकावटों से लोग परेशान हैं। अब इस रास्ते में मोतीनाला से आगे मंगली के पास एक पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने से मण्डला से रायपुर जाने का यह मार्ग पूर्णरूप से बंद हो गया है और कब तक प्रारंभ हो पायेगा यह कहना भी अभी संभव नहीं।



### डायवर्सन मार्ग का करें उपयोग

मंगली-चिल्फी के मध्य पुल में सुधार कार्य होने के कारण मार्ग को कार्य पूर्ण होने तक के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। प्रतिबंधित अवधि में इस मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। जिला प्रशासन द्वारा जनसामान्य से परिवर्तित मार्ग के उपयोग करने की अपील की गई है।

जबलपुर से बिलासपुर जाने वाले भारी वाहन बरेला, शहपुरा, डिंडौरी मार्ग से बिलासपुर जा सकेंगे। जबलपुर से रायपुर जाने वाले भारी वाहन बरेला, शहपुरा, डिंडौरी, कबीरधाम, बेमेतरा होते हुए रायपुर जाएंगे अथवा जबलपुर से बरेला, शहपुरा, डिंडौरी, बिलासपुर होते हुए रायपुर जा सकेंगे। मंडला से बिलासपुर जाने वाले भारी वाहन जबलपुर, बरेला, शहपुरा, डिंडौरी होते हुए बिलासपुर जाएंगे। रायपुर जाने वाले भारी वाहन मंडला से जबलपुर, बरेला, शहपुरा, डिंडौरी, कबीरधाम, बेमेतरा होते हुए रायपुर जाएंगे अथवा मंडला से जबलपुर, बरेला, शहपुरा, डिंडौरी, बिलासपुर होते हुए रायपुर जा सकेंगे।

रायपुर एवं बिलासपुर जाने वाले छोटे वाहन मंडला, अंजनिया, मोतीनाला के नटराज होटल के नजदीक से डायवर्सन प्वाईंट, गढ़ी, बैहर, बिरसा, साल्हेटेकरी होते हुए जाएंगे। मंडला से रायपुर, बिलासपुर जाने वाले छोटे वाहनों के लिए मंडला से बिछिया, घुटास, समनापुर, डिंडौरी, अमरकंटक, गोरेलापेंडरा, मरवाही होते अथवा मंडला से बम्हनी, चिरईडोंगरी, टाटरी, बैहर, बिरसा, साल्हेटेकरी होते हुए भी जा सकते हैं। जिला प्रशासन मंडला द्वारा सभी यात्रियों से सुधार कार्य पूर्ण होने तक एनएच 30 पर यात्रा नहीं करने की अपील की गई है।

# पीड़ित मानवता की सेवार्थ के लिए उपलब्ध रहेगा शव वाहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मानवता की सेवा के लिए हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति की मंडला के सतगुरु सेवक चंदानी परिवार के द्वारा शव वाहन की सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, यह शव वाहन मंडला के परिवारों के लिए उपलब्ध रहेगा,श्री गिरीश चंदानी ने बताया कि हुजूर सद्गुरु साईं श्री ईश्वर शाह साहिब जी की दया रहमत आशीर्वाद से प्रेरित होकर मानवता की सेवा के लिए एक पहल की है, यह शव वाहन हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति मंडला को सेवा स्वरूप सोंपा गया है, जिसका लाभ मंडला के परिवारों को मिलेगा, रविवार को समिति के सदस्यों के द्वारा हरे माधव सत्संग समिति के सुभाष वार्ड में स्थित भवन के बाहर शव वाहन का लोकार्पण किया गया इसके पश्चात विधिवत सेवाएं उपलब्ध रहेगीं।

**प्रदर्शन** | **क्या हुआ तेरा वादा का तीसरा चरण प्रारंभ।**

# युवा कांग्रेस का पोस्टकार्ड भरो प्रदर्शन





*** सरकार की वादा खिलाफी का विरोध।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/अंजनिया

मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष मितेन्द्र दर्शन सिंह यादव एवं मध्यप्रदेश प्रभारी शेष नारायण ओझा के निर्देशानुसार कार्यक्रम क्या हुआ तेरा वादा के तृतीय चरण में मण्डला लोकसभा प्रभारी विजेंद्र करोसिया मण्डला युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आशीष आशू जैन एवं प्रदेश महासचिव रोहिणी स्वरूप के मार्गदर्शन में ब्लॉक अंजनिया के पूर्व युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष आकाश कुमार पटैल के नेतृत्व में विधानसभा बिछिया में ₹क्या हुआ तेरा वादा₹ कार्यक्रम किया जा रहा है जिसमे डोर-टू-डोर एवं केम्प लगाकर पोस्ट कार्ड भरे जा रहे है जिसमे लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है जिसमे युवा कांग्रेस के द्वारा पुरे मध्यप्रदेश से लाखो की संख्या में पोस्ट कार्ड भरे जा रहे हैं और यह पोस्ट कार्ड मुख्यमंत्री को पोस्ट किये जाएंगे ताकि उन्हें याद आ सके की चुनाव से पहले जो उनने मध्यप्रदेश की जनता से वादा किया था वे कब पूरे होंगे। क्या हुआ तेरा वादा मुख्यमंत्री आपकी पार्टी द्वारा विधानसभा चुनाव 2023 में आपके द्वारा किये गए वादों की वादाखिलाफ़ी न हो इसलिए हम आपको याद दिलाना चाहते है कि 3.5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी कब मिलेगी? प्रत्येक परिवार के एक व्यक्ति को रोजगार कब मिलेगा ? 1.3 करोड़ बहनो को पक्के आवास कब दिए जाएंगे? किसानो को गेहूं, धान की न्यूनतम राशी कब घोषित की जाएगी? जल जीवन मिशन में हो रहे भ्रस्टाचार के दोषियों पर कब कार्यवाही होंगी? नर्सिंग घोटाले में लिप्त दोषियो पर कार्यवाही कब की जाएगी? आपके द्वारा किये गए वादों के आलावा युवाओं की मांग के अनुसार सरकारी नौकरियो का परीक्षा शुल्क माफ कब किया जाएगा?

# बलवाईयों को रोकने पुलिस की बलवा ड्रील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मण्डला पुलिस द्वारा आगामी त्यौहारों दृष्टिगत रखते हुए जिलें के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डयुटी पर मुस्तैद रहने एवं किसी भी कानून व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए बलवा ड्रील का अभ्यास किया गया। पुलिस अधीक्षक मण्डला के निर्देशन में आज पुलिस लाइन मंडला में बलवा ड्रील का अभ्यास का आयोजन किया गया। दिनांक 14.07.2024 को पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा की जा रही बलवा ड्रील में थाना प्रभारी, सुबेदार सहित, पुलिस लाईन व थाना के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा ड्रील किया गया। बलवा ड्रील के दौरान पुलिस द्वारा बलवाईयों को रोकने हेतु लाठीचार्ज किया जाकर टीयर गैस एवं गोलियों का भी उपयोग किया गया। पुलिस की बलवा ड्रील के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बलवाईयों पर नियंत्रण करने हेतु लाठीचार्ज, टीयर गैस एवं गोलिया चलाने का अभ्यास किया गया।



## खबर संक्षेप

### करोड़ों की शासकीय संपत्ति को नजरअंदाज

**गाडरवारा।** नगर में कुछ शासकीय इमारते ऐसी है जिनकी प्रशासन द्वारा उपेक्षा और उनके रख रखाब करने की अनदेखी की बजह से वे बदहाल होती चली जा रही है। इन जर्जन इमारतों का बारिश में ढहने का खतरा रहने के बाबजूद प्रशासन हरकत में नही आता जिसके कारण आंधियों, बारिश झेलने के बाद ये कीमती इमारते या तो खुद टूटने लगती है या फिर उनकी निर्माण सामग्री चोरी होने का सिलशिला शुरू हो जाता है जिसकी सच्चाई नगर में जहां तहां बनी हुई शासकीय इमारतों के बदहाल होने की स्थिति में दिखाई पड़ रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस लाईन में बने पुलिस कर्मियों के क्वार्टर, पुलिस की पुरानी चौकी परिसर में बने आरक्षकों के आवास, आवकारी विभाग का भवन तथा शासकीय अस्पताल के पास स्थित टी वी वार्ड सहित अन्य कुछ शासकीय कार्यालयों में अंग्रेजो के जमाने में निर्मित भवनों की हालत शोचनीय होती चली जा रही है।

### बेरोगार युवाओं शहरों की ओर पलायान करने के लिए हो रहे मजबूर

**खुलरी।** जहां एक ओर केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा आये दिन नई नई योजनाओं की शुरूआत करते हुए लोगों के लाभ पहुंचने की बात तो कही जा रही है, मगर सही मायने में देखा जावे तो सरकार की घोषणाओं के बाद उसे केबिनेट में पास होकर आम लोगों तक पहुंचते पहुंचते अनेक योजनाएं कहा गायब हो जाती है इसका किसी को पता नही चल पाता है? जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो युवाओं को सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में पैसा खर्च करते हुए उन्हें शिक्षित बनाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है, मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रो में निवास करने वाले युवाओं को शिक्षित होने के बाद उन्हें रोजगार नही मिल पाने की स्थिति में यह देखा जा रहा है कि वह अपने आप को माँ बाप के ऊपर भार समझते हुए शार्मिन्दा होकर जिन्दगी काटने के लिए मजबूर होते हुए देखे जा रहे है?

### आस्तित्व खोते चली जा रही है दूर संचार सेवा

**सांईखेड़ा।** दूर संचार के क्षेत्र में जहां एक ओर निजी कंपनियों द्वारा अपने ग्राहको को नई नई सौगाते प्रदान करने में लगी हुई है, वही दूसरी ओर भारत की सबसे बड़ी दूसर संचार कंपनी में पदस्थ अधिकारियों की उदासीनता के चलते दूर संचार सेवा ग्रामीण क्षेत्रों में अपना अस्तित्व खोते हुए जान पड़ रही है? क्योंकि जब किसी भी उपभोक्ता का फोन खराब हो जाता है और वह संबंधित विभाग के अधिकारियों से शिकायत करते हुए उसके सुधार की गुहार लगाता है तो गाडरवारा क्षेत्र में पदस्थ प्रमुख अधिकारियों द्वारा उसके उपकरण में सुधार की बात तो दूर उनकी समस्याओं के निराकरण की ओर ध्यान ही नही दिया जाता है जिसके चलते जहां एक ओर लोगों का देश की सबसे बड़ी दूर संचाकर कंपनी से लोगों का भरोसा उठाता चला जा रहा है? वही इस विभाग में पदस्थ प्रमुख अधिकारियों की कार्य प्रणाली से यह जान पड़ रहा है कि शायद उनके द्वारा निजी कंपनियो को लाभ दिलाने की सोच के चलते इस प्रकार की उदासीनता बरती जा रही है? क्योंकि बीते हुए कुछ माहिनों से देखा जा रहा है कि गाडरवारा व सांईखेड़ा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की दूर संचार सेवा पूर्ण रूप से पटरी से उतरते हुये देखे जाने के बाद भी संबंधित अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार से ध्यान देना उचित नही समझ रहे है, ध्यान ही नही दिया जा रहा है, जिसके चलते यह सेवा बदहाली की ओर अपना कदम बढ़ाने से नही चूक रही है? जबकि गौर किया जावे तो देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस समय देश को डिजीटल बनाने की सोच के साथ कार्य कर रहे है, वही दूसरी ओर केन्द्र की सबसे महतत्व पूर्ण सेवा गाडरवारा क्षेत्र में अधिकारियों की मनमानी व उदासीनता के चलते पटरी से उतरने से नही चूक पा रही है, इस बात की सच्चाई इस समय गाडरवारा दूर संचार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सांईखेड़ा, सालीचौका, गोटीटोरिया, बनवारी सहित क्षेत्र के अन्य गांवों में देखी जा रही है जहां पर लोगों के घरों में लगे हुये टेलीफोन बीते हुए काफी समय से बंद पड़े हुये है।

# स्थापित किये गये मोबाईल टावर में नहीं है कोई सुरक्षा के इंतजाम

## आये दिन लोग इन पर चढ़कर मचाते हैं आंतक, रहवासी क्षेत्रों में स्थापित होने से मानव जीवन को बढ़ रहा खतरा....?






**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

जहां एक ओर इस समय लोगों में अनेक प्रकार की नई नई बीमारी आये दिन जकड़ते हुए देखी जा रही है, उसका प्रमुख कारण यह माना जाता है कि लगातार बढ़ रही भौतिक बादी सुविधाओं की प्रमुख देन है। क्योंकि जहां लोगों द्वारा खान पान का ध्यान नही रखा जा रहा है, वही दूसरी ओर आमजन के लिए सुविधा जनक माने जाने वाले साधनों से पैदा होने वाली तरंगे भी बीमारियों का प्रमुख कारण साबित होने से नही चूक पा रही है? वही दूसरी ओर बताया जाता है कि जिस प्रकार से शहरों में रहवासी क्षेत्रों में जो मोबाईल टाबरों की स्थापना हो रही है जो कही न कही अनेक प्रकार की बीमारियों को बढ़ावा देने में प्रमुख रूप से सामने आने से नही चूक पा रही है? विशेषज्ञो के अनुसार सेल फोन टॉवरों से भी मानव शरीर को विशेष दुष्प्रभाव पड़ता है, जिसे ध्यान में रखते हुए शायद पूर्व में मा. न्यायलय द्वारा इन्हे स्थापित करने के लिए निर्धारित मापदंडों का पालन करने का आदेश दिया गया था? मगर शायद ही उस आदेश का कही पालन होते हुए दिखाई दे रहा हो...? क्योंकि शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किये गये अनेक टावरों की सच्चाई इस प्रकार से बनी हुई है कि जहां इन टाबरों में रात के समय लाल सिंग्नल ही नजर नही आ रहे है तो वही दूसरी संबंधित द्वारा न इन टावरों को रख रखाब किया जा रहा है और नही ही इनकी पुताई की जाती है जा रही है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि संबंधित विभाग द्वारा इन टाबरों की सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार से कोई प्रबंध नही किये जाने के कारण आये दिनर देखा जाता है कि लोग इन पर चढ़कर आंतक मचाते हुये भी देखे जाने लगे है? जिसकी सच्चाई बीते हुये वर्ष गाडरवारा व सांईखेड़ा सहित डोगरगांव पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले ग्राम पपरा के बाद जिला मुख्यालय नरसिंहपुर में भी देखने मिल चुकी है? जबकि नियम के अनुसार इन टाबरों की सुरक्षा के लिये संबंधित कंपनी के द्वारा चौकीदार नियुक्त होता है तो दूसरी ओर ऊँचाई स्पष्ट करने के लिये सफेद व लाल रंग में पोता जाता है? मगर शहर से लेकर गांव गांव स्थापित किये गये इन टाबरों में न तो कोई सुरक्षा कर्मी नजर आते है और न ही इनकी पुताई की जा रही है जिसके चलते लोगों को नजर ही नही आते है। वही दूसरी ओर बताया जाता है कि जहां तहां स्थापित होने वाले इन सेल टाबरों से होने वाले दुष्प्रभाव को लेकर नगरीय क्षेत्रों में सेल फोन टॉवर स्थापित करने के लिये म.प्र. मानव अधिकार आयोग ने कम से कम ऐसे भूखंडों का चयन करने को प्राथमिकता देने की अनुशंसा की गई है, जिनका आकार ढाई सौ फूट हो, इन भूखंडों पर सेल फोन टॉवर के लिये स्थापित की जाने वाली मशीनों और जनरेटर से 100 फूट की त्रिज्या में कोई भी रहवासी आवास न हो और टॉवर स्थापित करने के लिए जनरेटर की चिमनी की ऊंचाई न्यूनतम 30 फूट अथवा पास की ऊंचे आवासीय भवन से 20 फूट अधिक होना चाहिए? वही बताया जाता है कि पूर्व में ही इस संबंध में आयोग ने सिफारिश की गई थी कि ढाई हजार वर्ग फूट तक के आवासीय भूखंडों पर स्थपित टॉवर तत्काल हटाये जाने चाहिये तथा रिहायशी कॉलोनियों में मकानों की छात पर स्थपित टॉवरों से लोगों की जान और माल की क्षति का खतरा बना रहता है। इसलिए टॉवरों की ऊंचाई इतनी हो कि उनके गिरने से कोई जनहानि न हो साथ ही साथ टॉवर स्थापित किये जाने वाले स्थान को वायर फैसिंग और चार दीवारी बनाकर सुरक्षित रखा जाना चाहिये तथा विद्युत या डीजल जनरेटर से संचालित होने वाले टॉवरों में ध्वनि प्रदूषण न हो इसका विशेष ध्याान रखा जाना चाहिये? जानकारी के अनुसार आयोग की पहल पर शासन ने सेल फोन टॉवर से निकलने वाली विद्युत चुंबकीय विकिरणों के दुष्प्रभावों का अध्ययन करने के लिये विशेषज्ञों द्वारा स्पष्ट किया गया है कि ये विद्युत चुम्बकीय विकिरणें माताओ, गर्भस्था में शिशुओं ओर बालकों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल सकती है? मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में निजी कंपनियों द्वारा अपनी मनमर्जी के अनुसार टाबर खड़े कर दिये गये है जहां पर लोग निवास करने के शिक्षण संस्थाओं के आलवा स्वास्थ्य केन्द्र भी मौजूद है। अनेक जगहों पर तो इस प्रकार से देखा जाता हे कि जहां पर सेल फोन टाबर लगे है उन्ही भवनों में स्कूल संचालित हो रहे है साथ ही साथ नगर में अनेक रहवासी इलाकों में टाबर खडे करने से आमजनों के लिए परेशानी का कारण साबित हो रहे है? इस प्रकार से निर्धारित माप दंडो को दर किनार करते हुए शहर से लेकर गांवों में स्थापित किये गये टाबर अपनी सच्चाई खुद ही उजागर करने से नही चूक रहे है? जिनका जहां दिन के समय रंग ही दिखाई न देता है और रात के समय लाल सिंग्नल तक गायब रहता है। वही दूसरी ओर टाबरों के पास किसी भी प्रकार से कोई सुरक्षा कर्मी मौजूद न रहने के कारण आये दिन लोग इन टाबरों पर चढ़कर हंगामा खड़ा करने से भी नही चूक रहे है। मगर इसके बाद भी प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिया जा रहा है जिसके चलते लोगों में अनेक प्रकार की बीमारियाँ होने की संभावना के साथ साथ बगैर सिंग्नल वाले टाबरों से किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है? जहां तहां स्थापित हो रहे टाबरों को लेकर लोगों का कहना है कि निजी कंपनियों द्वारा आम लोगों को जरा से धन का प्रलोभन देते हुए उनके भवनों पर टाबर खडा करने के लिए तैयार तो कर लेते है, मगर वह मकान मालिक जरा से धन के लालच में आकर अपने भविष्य को दाब पर लगाने से भी नही चूक रहे है।

### एनटीपीसी मार्ग पर रात के समय लिप्ट के वहाने लूट की वारदातों की सच्चाई सोशल मीडिया पर बनी चर्चा का विषय?

**गाडरवारा।** क्षेत्र में एनटीपीसी की स्थापना को लेकर जिस तरह क्षेत्रवासियों की सोच थी कि विकास की गंगा इस तरह बहेगी की संपूर्ण क्षेत्र में रौनक ही बदल जावेगी और दूसरी ओर अनेक प्रकार की सुविधाओं से क्षेत्रवासियों के लिये मुहताज नही होना पड़ेगा? मगर एनटीपीसी की स्थापना के उपरांत जिस तरह प्रभावशालियों नेताओं को छोड़कर यह उद्योग आमजन के लिये अभिशाप साबित होने से नही चूक पा रहा है? बताया जाता है कि इस क्षेत्र में आये दिन इस तरह की अपराधिक घटनाये सामने आते हुये देखी जा रही है जिनकी इस क्षेत्र में निवास करने करने वाले लोगों द्वारा कभी कल्पना नही की गई होगी? क्योंकि इस क्षेत्र में गोली कांड से लेकर अंधे हत्या कांड होना आम बात बनती चली जा रही है तो दूसरी ओर स्थिति इस तरह से बनते हुये देखी जाने लगी है कि आस पास के गांवों में रहने वाले लोगों को रात के समय आने जाने में दहशत पैदा होने के



साथ साथ कृषि कार्यो को लेकर खेतों में रात रहने के दौरान भी भय का महौल निर्मित होने से नही चूक रहा है? कुछ इसी प्रकार से इस समय सोशल मीडिया पर गाडरवारा से एनटीपीसी की ओर जाने वाले मार्ग पर कुछ लोगों द्वारा रात के समय लिप्ट लेने के बहाने लूट की घटनाओं को अंजाम देने की चर्चा जोरो पर सुनाई दे रही है? यह बात कहा तक सत्य है इसे तो भगवान ही जाने? मगर सोशल मीडिया पर लगातार बायरल हो रही खबरों के आधार पर बताया जाता है कि गाडरवारा से एनटीपीसी की ओर जाने वाले मार्ग यानि की सुदरास सीतारेवा नदी पुल के आगे जो सुनसान क्षेत्र माना जाता है रात के समय यहां पर कुछ युवक व युवतियों द्वारा वाहन चालकों को गाडरवारा या फिर मुख्य मार्ग तक जाने के लिये लिप्ट का आग्रह करते हुये रोका जाता है और फिर उनके साथ लूट की घटनाओं को अंजाम दिया जाता है? मगर अभी तक इस तरह की घटना को लेकर न तो क्षेत्र के किसी पुलिस थाने में कोई शिकायत दर्ज हुई है तो संबंधित थाना पुलिस द्वारा भी इस तरह की घटनाओं से इंकार किया जा रहा है? मगर इस तरह की घटनाओं की खबर सोशल मीडिया पर लगातार बायरल होने से लोगों में दहशत का महौल दिखाई देने से नही चूक रहा है? वही दूसरी ओर बीते हुये कुछ दिवस पूर्व समीपस्थ ग्राम भैरोपुर गांव में खेत पर अपने परिवार के साथ निवास करने वाले एक कृषक के अंधे हत्या कांड की गुत्थी सुलझाने में पुलिस की असफलता निश्चित तौर से संपूर्ण क्षेत्र में भय का महौल निर्मित करने से नही चूक रही है?

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विकास खंड साईखेड़ा की 58 ग्राम पंचायत में किया गया 580 पौधों का रोपण, इस से लोगों में दिखाई दे रही हरियाली के प्रति जागरूकता

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में जिला मुख्यालय से लेकर विकास खंड व ग्राम स्तर पर व्यापक पैमाने में पौधरोपण किया गया जा रहा है। इसी क्रम में बीते हुये दिवस विकासखंड सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली 58 ग्राम पंचायतों द्वारा 580 पौधों को रोपण किये जाने की खबर है। बताया जाता है कि सांईखेड़ा विकास खंड की ग्राम पंचायत चिरहकला, चामचौन, बगदरा, धोखेड़ा, पलोहा बड़ा, टिमरावन में माध्यमिक शाला परिसर में, रिछावर, मेहरागांव, सिरसिरी, झिकोली, तूमड़ा, निमावर, पिपरपानी, झिरिया माता, अजंदा, खैरीपाली, खमरिया, देवरी, दहलवाडा, झांझनखेड़ा, बनखेड़ी, आमगांव छोटा, निवारी पिपरिया कला, बम्होरी कला में पंचायत भवन परिसर में, खकरिया, गरधा, ढिगसरा, मुआर, बेलखेड़ी, मडगुला



में शाला परिसर में, भटेरा, बिचुआ में हाई स्कूल परिसर में, नरवारा, कामती में तालाब परिसर में व अमृत सरोवर में, पिटरास में आश्रम महुआखेड़ा में, रमपुरा की गौ शाला में, खुर्सीपार, जमाड़ा, बांसखेड़ा, पिपरिया खुर्द, टेकापार, देतपौन, बनवारी, पिठवानी, सुपारी, डुंगरिया, आड़ेगांव, नादनेर, बरेली, शौकलपुर, बोदरी, कजरोटा, बरहटा के शांतिधाम परिसर में वृहद स्तर पर पौधा रोपण किया गया। जनपद पंचायत सांईखेडा मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अधिक से अधिक पौधा रोपण कार्य की फोटो वायुदूत (अंकुर) एप के माध्यम से अपलोड किये जाने एवं पौधों की सुरक्षा के इंतजाम हेतु निर्देश दिए। उक्त पौधा रोपण कार्यक्रम में सरपंच, अधिकारी- कर्मचारी, सचिव, रोजगार सहायक, शिक्षक, सहायक यंत्री, जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणजनों ने अपनी सहभागिता दी। अभियान के तहत सीएम राइज विद्यालय सांईखेड़ा में शिक्षक भानू प्रताप राजपूत की मां द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। गाडरवारा निवासी श्रीमती पुष्पलता तिवारी ने मायके में पौधारोपण के लिए तुलसी का पौधा भेंट किया। इसी प्रकार से मप्र जनअभियान परिषद के मार्ग दर्शन में



जनअभियान परिषद की विभिन्न संस्था द्वारा ग्राम पंचायतों में पौधरोपण किया गया। इस दौरान पौधों का संरक्षण करने की शपथ भी दिलाई गई। बताया जाता है कि अभियान के तहत जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था चीचली द्वारा तेंदूखेड़ा में जनशक्ति सेवा समीति एवं बसुरिया सेक्टर मे हरदौल जनसेवा समिति के तत्वाधान में रेशम केंद्र के पास वृहद रूप से पौधरोपण किया गया। इन पौधों में नीम, आम, बादाम, शीशम, अमरूद के पौधें शामिल हैं। पर्यावरण संरक्षण को लेकर शपथ भी दिलाई गई। तथा ग्राम रमपुरा में नवविवाहित जोड़ों ने किया पौधरोपण किया गया। वही अभियान के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की विकासखंड साईंखेड़ा के अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 5 पलोहा बड़ा में नवांकुर संस्था ग्राम, विकास प्रस्फुटन समिति बिछुआ एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कीरखेड़ा के तत्वाधान ग्राम पंचायत कीरखेडा व नरवारा में घर- घर 100 पौधों का पौधरोपण किया गया। रोपे गये पौधों में बरगद, आम, बादाम, अशोक, आँवला शामिल हैं। पर्यावरण संरक्षण को लेकर शपथ भी ली गई।

# शहीदाने करबला की शान में मेंहदी ताजिये का नगर में निकाला गया जुलूस, चप्पे चप्पे पर तैनात नजर आई पुलिस व्यवस्था




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

मोहर्रम के चलते लोभान क खुशबू से जहां नगर की गलिया सुगंधित होते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर नगर में शेरों के नाचने के चलते जहां तहां बाजों की आवाज सुनाई देने से भी नही चूक रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस नगर में मोहर्रम की 7 तारीख को मुस्लिम समुदाय द्वारा शहीदाने करबला की शान में मेहदी, अलम ताजिये का जुलूस अकीदत से निकाला गया। जो काजी मोहल्ले नया बस स्टैंड से प्रारंभ होकर चौकी, चावड़ी, महावीर भवन, शक्ति चौक होते हुए झंडा चौक से वापस अपने मुकाम पर पहुंचा। इसी प्रकार से मेहंदी ताजिया अलम के जुलूस में या हुसैन के गगन बेदी नारे लगाए जा रहे थे। जगह-जगह जुलूस का का स्वागत करते हुए तबरुक तकसीम किया गया। वही शक्ति चौक पर परचम के समक्ष विशाल मजमा लग रहा हसनी हुसैनी सोसायटी ने एवं उपस्थित लोगों ने ताजिए की जियारत कर लोभान चढ़ाकर शरबत लंगर का वितरण किया। इस तरह मोहर्रम के चलते मुस्लिम समुदाय के लोग हाथों में अलम कांधों पर ताजिया लेकर शाहीदने करबला इमाम हुसैन की याद में शहीदी कलाम पड़ते हुये अदब व एहतराम के साथ दिखाई दिए। पुलिस उप अधीक्षक रत्नेश मिश्रा थाना प्रभारी उमेश तिवारी पुलिस बल के साथ जुलूस में पूरे समय मौजूद रहते हुये लोगों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखे हुये नजर आ रहे थें तो दूसरी ओर पुलिस चप्पे चप्पे पर तैनात देखी जा रही थी। इस तरह एकता भाईचारे की मिशाल के साथ मेहदी कुर्सी अलम का जुलूस संपन्न हुआ। रात्रि में कुछ इमामबाड़ों की सवारियो ने बाबाओ की आमद के साथ शहर में रन किया, दरगाहों व इमामबाड़ों पर बुजुर्गाने दींन से निशवत रखने बालो ने इत्र खुशबू लगाकर जियारत करते हुये तबरुक पेश किया। बड़ेवली दरबार एवं शक्ति चौक पर देर रात्रि तक मजमा लगा रहा अनेकों स्थानों पर लंगर का दौर भी जारी है।

### बालसभा में बच्चों ने किया मिट्टी की सजावटी मूर्तियों का प्रदर्शन

**गाडरवारा।** निश्चित तौर से शासकीय शिक्षण संस्थाओं के शिक्षकों द्वारा बच्चों को जरूरी व हमारी प्रकृति से जुडी हुई इस प्रकार की जानकारियों से समय समय पर अवगत कराया जाता है तो पर्यावरण की सुरक्षा में अहिम होती है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला की बाल सभा के दौरान छात्र छात्राओं ने मूर्ति बनाओ, मूर्ति सजाओ प्रतियोगिता में स्वयं के द्वारा मिट्टी की आकर्षक मूर्तियां बनाकर उनका प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं द्वारा उनके घरों से भगवान शंकर, पार्वती,गणेश , माँ सरस्वती एवं माँ दुर्गा की छोटी छोटी मूर्तियां बनाकर एवं उन्हें कलर पेंट से सजाकर लाया गया और इन मनमोहक मूर्तियों का प्रदर्शन भी किया। बालसभा में छात्र छात्राओं ने मूर्ति बनाने की प्रक्रिया से अन्य छात्र छात्राओं को भी अवगत कराया। इस अवसर पर शाला के माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल ने कहा कि बालसभा के माध्यम से हमारा उद्देश्य पढ़ाई के अलावा विद्यालय की छुपी प्रतिभाओ को उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर देना है। विदित हो कि उक्त प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका प्राथमिक शिक्षक देवेंद्र ठाकुर ने निभाई। प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले सभी बच्चों को मेधावी छात्र छात्रा सम्मान कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।



# शिक्षण संस्थाओं में गुहटों की भरमार से दहशत में दिखाई पड़ रहे बच्चे

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** भले ही शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में हर साल करोडो रूपया खर्च करते हुये स्कूलों को हाई टेक करने के साथ भवनों के निर्माण को सुन्दर से अति सुन्दर बनाया जा रहा है। मगर ग्रामीण क्षेत्रों में बनाये जाने वाले इन शिक्षा भवनों की जगह चिन्हित किये जाने के दौरान होने वाली अनदेखी का परिणाम होता है कि बारिश के दिनों में शिक्षण संस्थाओं के अंदर जहरीले कीट अवपस डेरा जमाने से नही चूकते है। क्योंकि अनेक शिक्षण संस्था इस तरह के स्थानों पर निर्मित की गई हो गांव से बाहर होने के साथ साथ उस क्षेत्र में फैली हुई झाडियों के बीच आये दिन बीषधरों की चहल पहल बनी रहती है और वह बारिश के दौरान इन शिक्षण संस्थाओं अपना डेरा जमाने से चूकते है। इस तरह शिक्षण संस्थाओं में जहरीले कीटों के प्रवेश करने के कारण स्कूली बच्चों में दहशत दिखाई देती है तो दूसरी ओर उनकी जान को खतरा पैदा होने से नही चूकता है? वही दूसरी ओर देखा जाता है कि जब कोई छात्र छात्रा इस तरह शाला भवन के अंदर किसी जहरीले कीट यानि की सांप गुहेटे को देख लेते है तो बच्चों के दिलों में डर इस तरह समा जाता है कि वह कई दिनों तक स्कूल जने का मन नही बना पाते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस क्षेत्र के ग्राम चिरह कलां की शासकीय माध्यमिक शाला में देखने मिला जब बच्चों ने एक गुहेटे को देखा तो बच्चे दहशत के बीच चिल्लाने लगे। बताया जाता है कि इस संस्था में गुहेरों के आतंक से शिक्षक एवं छात्र छात्राएँ परेशान देखे जा रहे है। शाला के प्रधान पाठक धनराज सिंह धानक ने बताया कि अभी तक 3 गुहेरे निकल चुके है जिसके चलते बच्चे घबरा जाते है। पिछले दिनों एक बड़ी गोह आकर कक्षाओं में घुस गई थी जिसके चलते बच्चे घबराकर बाहर निकल आये तभी ग्राम गुर्जर झिरिया के एक युवक से गोह को पकड़वाया गया एवं अन्यत्र कही छोड़ा गया। बताया जाता है कि शिक्षण संस्था के समीप से ही कच्चा नाला बहता है जिसके चलते उमस एवं बारिश के कारण इस तरह के जहरीले कट आये दिन स्कूल के अंदर प्रवेश करने से नही चूकते है।

### पात्र के जगह अपात्र ले रहे शासन की योजनाओं का लाभ, शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जांच कराई जाने की उठ रही मांग

**हरिभूमि न्यूज/ मनकवारा।** शासन की योजनाओं में मनमानी करना अधिकारियो का आदत में बनता जा रहा है, क्योंकि सरकार द्वारा गरीबों के हितों को ध्यान में रखते हुए अनेक प्रकार की योजनाएं चलाते हुए उनका भला करने की सोच रखी हुई है, मगर उन योजनाओं का लाभ गरीबों को मिलने की जगह इस प्रकार के लोगों को उठाते हुए देखा जा रहा है जो पूर्ण रूप से साधन संपन्न है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई जनपद पंचायत चावरपाठा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में जिस तरह से गरीबी रेखा व अति गरीबी रेखा सूची में लापरवाही की गई है, उससे पात्र लोगों के नाम तो नही जुड़े है, किन्तु अपात्रों के नाम अवश्य जोड़ दिये गये है जिनके पास अपने खेतों में नलकूप सहित ट्रेक्टरों से लेकर सभी प्रकार के साधन उपलब्ध है, इस प्रकार से गौर किया जावे तो गरीबों को मिलने वाले हक का उपयोग अपात्र व प्रभावशाली लोग आसानी से उठाते हुए देखे जा रहे है, जबकि शासन द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं के बाद भी गरीब रोजी रोटी की तलाश में भटकने के लिए मजबूर हो रहे है, आम जन द्वारा गरीबी रेखा, अति गरीबी रेखा सूची से अपात्र लोगों के नाम काटने की बात कही जा रही है, जबकि सूची का पुनरीक्षण किए जाने पर पात्र लोगों के नाम जोड़ने की भी मांग की है, यदि यहां की इस सूची की बारिकी से जांच की जावे तो कई एकड़ के कास्तकारो के साथ जिनकी पक्की बिल्डिग बनी है,उन लोगों को इस सूची में शामिल करना अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा है, जिसके लिये शासन के आदेशों को ताक पर रखकर ऐसा किया जा रहा है,जबकि ये लोग शासकीय वेतन का भी उपयोग करते है। फिर यही लोग सूची में भी अपना नाम जुड़वा लेतें है।

## खबर संक्षेप

### बजाग मुख्यालय में आयोजित हुई मंडल कार्यसमिति की बैठक



**डिंडौरी।** बजाग मुख्यालय में शनिवार को मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी के निर्देशन में मंडल कार्यसमिति की बैठक मंगलभवन में आयोजित की गई। जिसमे भाजपा मंडल में होने वाले आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत चर्चा कर रूपरेखा तैयार की गई तथा सभी शक्ति केंद्रों के सयंजको व प्रभारियों को मंडल में आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों की जानकारी भी प्रदाय की गई। आहूत बैठक में बजाग मंडल के सभी जयेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्तिथि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राजनैतिक प्रस्ताव सर्वसम्ति से पारित किया गया। तत्पश्चात 2024 के लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में भाजपा को मिली अप्रत्याशित तथा ऐतिहासिक जीत की खुशी में बधाई प्रस्ताव भी पारित किया गया। जिसके लिए मंडल के सभी छोटे बड़े कार्यकर्ताओं को बधाई दी गई। उल्लेखनीय हैं की लोकसभा में भाजपा ने विपक्षी दलों का सूपड़ा साफ कर अकेले ही पूरे प्रदेश में 29 सीटो पर विजय हासिल कर जीत का परचम लहराया था दोनो ही पारित प्रस्ताव का उपस्थित कार्यकर्ताओं ने करतल ध्वनि से समर्थन किया। बैठक कार्यक्रम की शुरुवात प.दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर की गई। बैठक में मंडल अध्यक्ष राजेश्वर साहू ने उपस्थित कार्यकर्ताजनों को संगठनात्मक कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया की दिनांक 13 जुलाई से 20 जुलाई तक मंडल के सभी शक्ति केंद्रों में सम्मेलन कर बूथ नेतृत्व सम्मान समारोह आयोजित किया जाना है तथा 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्र के मठ मंदिर संत महात्माओं के आश्रम में होने वाले धार्मिक कार्यक्रम में पार्टी के सभी कार्यकर्ता सेवा भाव से सक्रिय भागदारी निभाये।आगामी कार्यक्रमों में कारगिल विजय दिवस,मन की बात, एक पेड़ मां के नाम, मतदाता अभिनंदन यात्रा, महिला जनप्रतिनिधि सम्मेलन आदि आयोजित किए जाने है इस हेतु भाजपा मंडल के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि आवश्यक रूप से कार्यक्रम में भाग लेकर सफल बनाने का भरपूर प्रयास करे।आयोजित बैठक में मंडल अध्यक्ष राजेश्वर साहू, दिलीप ताम्रकार जिला उपाध्यक्ष,राजेंद्र दुबे जिला मंत्री,शोभित मरावी,ललिता धुर्वे,प्रमोद साहू,ओमप्रकाश साहू,नीरज मुजवार,यशवंत साहू,चूरामन साहू,कैलाश मरावी,कुलदीप नंदा ,संतोष साहू,भगवती पड़वार,घनश्याम साहू,शंकर भदौरिया, धर्मेंद्र पाल मानिकपुरी आदि मौजूद रहे।

### आर्यिका श्री 105 वैराग्यमति माताजी का डिंडौरी में चातुर्मासिक मंगल प्रवेश 17 को



**डिंडौरी।** अध्यात्म सरोवर के राजहंस, युग शिरोमणि, उत्कृष्ट समाधि धारक आचार्य भगवन १०८ श्री विद्यासागर जी महाराज की शिष्या एवं आचार्य श्री समय जी महाराज की परम आज्ञानुवर्ती आर्यिका मां परम पूज्य १०५ श्री वैराग्यमति माताजी, प.पू. आर्यिका मां १०५ श्री प्रशममति माताजी, प.पू. आर्यिका मां १०५ श्री सहजमति माताजी, प.पू. आर्यिका मां १०५ श्री धवलमति माताजी ससंघ का नगर में पावन वर्षायोग 2024 हेतु दिनांक 17ध्07ध्24 दिन बुधवार को प्रातः भव्य मंगल प्रवेश होने जा रहा है।

## जादू टोना के शक में पड़ोसी की गला दबाकर हत्या करने वाले

# 4 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**डायरिया से लगातार 3 लोगों के मौत होने से नाराज परिजनों द्वारा पड़ोसी की हत्या का मामला**

**पुलिस की तत्परता से 24 घंटे के अंदर हत्या के आरोपी गिरफ्तार**



हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

13 जुलाई को अमरपुर चैकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मनोरी में जादू टोना के शक में हरे सिंह की हत्या करने का मामला सामने आया था, सूचना पर थाना समनापुर से उप निरी. पारस यादव के हमराह में प्रआर. 297 कृष्णपाल सिंह, प्रआर. 365 भारत लाल बसन्त को मय जाँच विवेचना किट के एवं चैकी अमरपुर से सउनि. अतुल हरदहा, सउनि. रामरतन झारिया, प्रआर. 26 हेमन्त सार्वे सूचना तस्दीक हेतु ग्राम मनोरी पहुँची। सूचना सही पाये जाने पर वरिष्ट अधिकारियो को घटना की जानकारी से अवगत कराया जाकर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बजाग के मार्गदर्शन में मौके पर सूचनाकर्ता महासिंह परस्ते निवासी ग्राम मनोरी द्वारा बताया गया कि दिनाँक 12.07.24 को शाम करीब 4 बजे मेरे मेरे पडोस की झम्मल बाई की लाश को लेकर उसके परिवार के लोग घर लेकर आये थे , झम्मल बाई 3,4 दिन से उल्टी दस्त से बीमार थी जिसे उसके परिवार के लोग झाड फूंक कराने बाहर गाँव लेकर गये थे वहाँ पर झम्मल बाई खत्म हो गई थी। झम्मल बाई की मृत्यु हो जाने से झम्मल बाई के परिवार वाले आक्रोशित होकर मेरे भाई हरेसिंह परस्ते के द्वारा जादू टोना करने से झम्मल बाई की मृत्यु हुई है, कहते हुए झम्मल बाई के परिवार के लोग दौडकर मेरे भाई हरेसिंह को पकड कर गुलाब सिंह मरावी के घर के अन्दर ले गये और गेन्दा सिंह, जेहर सिंह, कोमल सिंह, तिलक सिंह सभी लोगो के द्वारा मेरे भाई हरेसिंह के साथ मारपीट करने एवं गला घोंटने से मृत्यु हो गई है कि रिपोर्ट पर देहाती मर्ग इण्टीमेशन एवं देहाती नालसी लेख कर अप. क्र. 329/2024 धारा 127 (1), 103(1), 3(5) बी.एन. एस. का लेख कर विवेचना में लिया गया था।

घटना काफी गंभीर प्रकृति का होने से पुलिस कण्ट्रोल रूम एवं पुलिस अधीक्षक को घटना के बारे में सूचित किया गया, पुलिस अधीक्षक द्वारा सघन जाँच एवं विधि संगत कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे,मौके पर एसडीओपी बजाग पुरूषोत्तम सिंह मरावी की उपस्थिति में एफएसएल टीम बालाघाट द्वारा मौके पर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करते वीडियोग्राफी की गई।

मामले के आरोपी घटना कारित करने के बाद मौके से फरार हो गये थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु एसडीपीओपी पुरूषोत्तम सिंह मरावी के मार्गदर्शन में अलग- अलग गुप्त सर्चिंग गठित कर टीम 1. निरी. कामेश कुमार धूमकेती, प्रआर. 297 कृष्णपाल सिंह, प्रआर. 365 भारत बसन्त, 02. उपनिरी. पारस यादव, सउनि. रामरतन झारिया, 03. सउनि.अतुल हरदहा, प्रआर, 26 हेमन्त सार्वे के द्वारा मुखबिर की सूचना पर संदेही आरोपियो 1. गेन्दा सिंह पिता मानसिंह मरावी उम्र 35 वर्ष, 2. तिलक पिता जग्गू सिंह मरावी उम्र 50 वर्ष, 3. जेहर सिंह पिता गुलाब सिंह मरावी उम्र 19 वर्ष सभी निवासी ग्राम मनोरी चैकी अमरपुर थाना समनापुर एवं 4. कोमल सिंह पिता बुध्दसिंह धुर्वे उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम चारपानी चैकी अमरपुर थाना समनापुर को पूछताछ हेतु थाना लेकर आये,जिनसे पूछताछ करने पर बताये कि उनके परिवार के लोगो की मृत्यु होने पर हरेसिंह के द्वारा जादू टोला कर खत्म करने के शक में आक्रोशित होकर एक राय होकर हरेसिंह परस्ते को गुलाब सिंह मरावी के घर के अन्दर हाथ पैर बाँधकर मारपीट करना एवं गला घोंटकर हत्या करना स्वीकार किया है,आरोपीगणो को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय डिंडौरी में पेश गया,न्यायालय से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

जघन्य हत्याकाण्ड के आरोपियो को 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करने में एसडीओपी पुरूषोत्तम सिंह मरावी अनुभाग बजाग, थाना प्रभारी समनापुर निरीक्षक कामेश कुमार धूमकेती, उप निरीक्षक पारस यादव, चैकी प्रभारी अमरपुर सउनि. अतुल हरदहा, सउनि. रामरतन झारिया, प्रआर. 26 हेमन्त सार्वे, प्रआर. 297 कृष्णपाल, प्रआर. 365 भारत बसंत की सराहनीय भूमिका रही है।

## गौ रक्षा के लिए गौ अभयारण्य बनाए सरकार- सौरभ द्विवेदी



हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

भगवती मानव कल्याण संगठन और पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम के तत्वावधान में प्रत्येक माह की भांति इस माह भी महिने के द्वितीय रविवार को सारस भवन में महाआरती क्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां और गुरूवरश्री के जयकारों से हुई, और शंखनाद के साथ आरती का क्रम प्रारंभ हुआ। आरती के क्रम का समापन नशा मुक्ति के जयघोष के साथ भगवती मानव कल्याण संगठन के केंद्रीय महासचिव और भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ष्सौरभ द्विवेदी(अनूप भैया)ष की गरिमा मय उपस्थिति में संपन्न हुआ। आरती क्रम के पश्चात चिंतन के क्रम में सौरभ द्विवेदी (अनूप भैया) ने मां भक्तों को गुरूवर श्री के साधना क्रम और दिशानिर्देश से अवगत कराते हुए कहा कि गौ रक्षा और सेवा से ही मानव समाज को सुरक्षित किया जा सकता है। हम आपको गौ सेवा करना चाहिए, गौ सेवा के लिए हमें स्वयं को आगे आना होगा जब गौ माता खुश होगी तभी हम खुश रहेंगे। आज समाज गौ सेवा से भाग रहा है इस लिए मिलावटी सामाग्री प्राप्त हो रही है, दूध, घी, दही सब मिलावटी मिल रहा है जिसका हमारे शरीर में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। चिंतन के क्रम में श्री द्विवेदी ने बताया कि आज सरकार और राजनेताओं का समाज के प्रति जागरूकता और सजगता समाप्त हो रही है वर्तमान में सरकार स्वयं ही शराब का धंधा चरम सीमा पर कर रही है। क्षेत्र में अवैध और वैद दोनों ही रूप से शराब और अन्य नशीले पदार्थ बाजार में उपलब्ध हो रहे हैं। जिसका संगठन विरोध करता रहा है। कार्यक्रम में भगवती मानव कल्याण संगठन के जिला अध्यक्ष राधेश्याम राठौर, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्र सिंह कुशराम, डीमन उइके, भानसिंह उददे, दुर्गेश साहू, आनंद साहू, कमलेश तिवारी, भोला राठौर सहित संगठन के कार्यकर्ता मां भक्त सहित धर्म प्रेमी जनता उपस्थित रहीं।

## एक सप्ताह में डायरिया से पांच आदिवासियों की मौत, मनोरी पहुँचे स्वास्थ्य अमले ने घर-घर जाकर किया स्वास्थ्य परीक्षण

**कलेक्टर, एस डी एम स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ पहुंचे गांव, ग्रामीणों का चेकअप जारी**

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।



अमरपुर जनपद पंचायत के मनोरी गांव में एक सप्ताह में डायरिया से पांच ग्रामीणों की मौत के बाद हड़कंप मचा हुआ है। आज सुबह सुबह कलेक्टर विकास मिश्रा, एस डी एम राम बाबू देवांगन ,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रमेश मरावी स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ पहुंचे। घर घर जाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है।

### देर रात अस्पताल में एक ग्रामीण इलाज के दौरान मौत

सरपंच कालिया बाई ने बताया कि गांव मे पिछले एक सप्ताह में गुलाब सिंह, झम्मल बाई, ममता मरावी, लूली बाई मरावी की मौत हुई है। गांव में ग्रामीण बीमार है। कुछ लोगो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भेजा गया था। देर रात इलाज के दौरान रघु सिंह मरावी की मौत हो गई है। आज सुबह कलेक्टर एस डी एम और स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर आए है। गांव में घर घर जाकर ग्रामीणों को देख रहे है।

### एक महिला जिला अस्पताल रेफर, दो का इलाज जारी

अमरपुर स्वास्थ्य केंद्र में इलाज रत रघु सिंह मरावी का देर रात 12 बजकर 30 मिनिट में मौत हो गई है।राजा राम और सुगरवती का इलाज किया जा रहा है। शामवती को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### आस पास रखे सफाई

एस डी एम राम बाबू देवांगन ने बताया कि गांव में कुछ लोग सुअर पालन करते है घरों के आस पास गंदगी बहुत है। ग्रामीणों को समझाइश दी गई है कि साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें, सुअर घर के बाहर रखे। गांव में स्वास्थ्य विभाग की चार टीमें घर घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण कर रही है। ग्रामीणों को हाथ धोने के लिए साबुन, कुओं में डालने के लिए क्लोरिन का लिक्विड बांटा गया है।

## झोपड़ी में गुजर बसर कर रहा गरीब परिवार

# नहीं मिल रहा पात्र व्यक्ति को पीएम आवास का लाभ





हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।

मोहन सरकार भले ही आवास योजना चला रही हो लेकिन आज भी कई गरीब ऐसे हैं जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। कई बार अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं लेकिन आज भी ये गरीब परिवार मिट्टी के झोपड़पट्टी में रहने को मजबूर हैं। बरसात के दिनों में तो ये परिवार भीगता रहता है। ये गरीब परिवार पिछले दस साल से गांव में झोंपड़ी में रहने को मजबूर हैं। इस दौरान प्रदेश में कई सरकार आईं और गईं लेकिन इस परिवार को आज तक सिर्फ आश्वासन मिला है।

### डिंडोरी जिला के बम्हनी गांव में रहता है परिवार

डिंडोरी जिला के समनापुर जनपद अंतर्गत आने वाली गांव बम्हनी में एक यादव परिवार का बुरा हाल है। इस परिवार के पास ना तो रहने के लिए मकान है और ना ही खाने के लिए भोजन है। यह परिवार दर-दर भटक रहा है बरसात के समय में इस परिवार की झोपड़ी भी उखड़ चुकी है और मिट्टी की दीवारों में जगह-जगह से दरारें आ चुकी है हर समय उन गरीब परिवारों को भय के साथ रहना पड़ रहा है कभी भी वह मकान ढह सकता है कई बार शिकायत के बावजूद इस परिवार को कोई भी प्रधानमंत्री आवास योजना की सुविधा नहीं हो सकी है। समनापुर ब्लॉक के बम्हनी पंचायत व गांव निवासी भगत राम यादव थाना शमनापुर के मूल निवासी हैं साथ में पत्नी सुमन लता यादव 2 बच्चे मालती यादव और कमलनाथ यादव साथ में रहते हैं। आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण परिवार भुखमरी की कगार पर है।

### कई बार पंचायत प्रतिनिधि कर्मचारियों से शिकायत के बावजूद नहीं हुई सुनवाई

सुमन लता यादव ने बताया की आवास तथा परिवार की स्थिति के बारे में कई बार सरपंच, सचिव को बताया जा चुका है, लेकिन आज तक कोई भी सुनवाई नहीं हुई है। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण भुखमरी की कगार पर है। सुमनलता ने बताया कि पंचायत के सचिव रोजगार सहायक को कई बार परिवार की स्थिति के बारे में बता चुके हैं और आवास से सम्बंधित कागजात भी दे चुके हैं लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।

## भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

**अत्योदय भाजपा का मूल मंत्र- ओमप्रकाश धुर्वे**

**मां के नाम कार्यक्रम के दौरान पांच फलदार वृक्ष रोपे गए**



**हरिभूमि न्यूज अमरपुर डिण्डौरी।** विगत दिवस भारतीय जनता पार्टी के विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति सम्पन्न हुई है। इसी तारतम्य में भाजपा जिला कार्यसमिति का आयोजन किया गया था आज मंडल अमरपुर की मंडल कार्यसमिति मंडल अध्यक्ष 'कृष्ण कुमार मिश्रा' की अध्यक्षता मे सपन्न हुई सर्वप्रथम सभी मंचासीन अतिथियों ने भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के तेलीय चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक की शुरूआत की। भाजपा 'जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया' ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के राजनैतिक परिदृश्य में भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को सर्व स्वीकार्यता, संगठन की शक्ति और भाजपा की सरकारों के कल्याणकारी कार्यो और सेवा भावों की गूंज है।भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के परिश्रम एवं प्रदेश के सामूहित प्रयासों के बल पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमने पहले विधानसभा चुनाव 2023 और फिर लोकसभा चुनाव 2024 में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। भाजपा की विस्तारित मंडल कार्यसमिति में यह बताते हुए गौरव महसूस हो रहा है कि विधानसभा चुनाव में अभी तक की श्रेष्ठ उपलब्धि प्राप्त करते हुए 48.57 प्रतिशत वोट शेयर प्राप्त कर लगभग 61 प्रतिशत बूथों पर जीत दर्ज करते हुए 163 विधानसभा मे विजय श्री प्राप्त की है। वहीं लोकसभा चुनाव में 59.57 दर्ज करते हुए लगभग 80 प्रतिशत बूथो पर विजयश्री के साथ लोकसभा की सभी 29 सीटें जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। भारतीय जनता पार्टी की यह विस्तारित कार्यसमिति मंडल के समस्त मतदाताओं का सम्मान और आदर से कोटि कोटि धन्यवाद ज्ञापित करती है।भाजपा अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ चल रही है। और संगठन तंत्र की शक्ति ही वैभव का चित्र सजाती है। हमारी सरकार ने विकसित भारत के लिए विकसित मध्यप्रदेश में आगामी 5 वर्षो मे प्रदेश की वार्षिक बजट को दोगुना कर दी है घरेलू नल जल कनेक्शन, खेती को लाभकारी का धंधा बनाने के लिए श्रीअन्न के अन्तर्गत जिला डिण्डौरी में श्री अन्न अनुसंधान केन्द्र कृषि क्षेत्र में स्थापना की जा रही है। गंभीर रोगियों के लिए म.प्र. सरकार ने एयर ऐम्बूलेंस सेवा योजना लखपति दीदी, दीदी उज्जवला योजना, मातृ वंदना योजना, स्वामित्व का अधिकार पी.एम. श्री योजना के अन्तर्गत 730 विद्यालय जिसमे डिण्डौरी चन्द्रविजय महाविद्यालय को सम्मिलित किया गया है। राष्ट्रीय मंत्री विधायक 'ओमप्रकाश धुर्वे' ने कहा कि अभी हाल ही में सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव में अभूतपूर्व सफलता के लिए माननीय प्रधानमंत्री 'श्री नरेन्द्र मोदी', राष्ट्रीय अध्यक्ष 'श्री जे.पी. नड्डा' व केन्द्रीय नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं आपने मार्गदर्शन, प्रेरणा व संबल देकर इस विजय को सुनिचिश्त किया है। निश्चित ही यह बड़ी जीत हमें मध्यप्रदेश की सेवा और सुशासन की बड़ी जिम्मेदारी का एहसास कराती है। इसी भाव से माननीय मुख्यमंत्री 'डॉ. मोहन यादव' के नेतृत्व में प्रदेश सरकार और माननीय प्रदेशाध्यक्ष 'विष्णुदत्त शर्मा' की अध्यक्षता मे संगठन लक्ष्य को प्राप्त कर रहा है राजनीतिक प्रस्ताव को कार्यसमिति से प्रस्ताव रामकिशोर ठाकुर ने सुनाया और सभी सदस्यो से माखन साहू ने कराया धन्यवाद प्रस्ताव रामकुमार वनवासी ने लाया समर्थन सभी सदस्यो से आकाश नामदेव ने कराया आगामी शक्ति केन्द्र कार्यसमिति कराने रुपरेखा वनी जिसमे प्रभारी को जबाबदारी दी गई साथ ही प्रत्येक कार्यकर्ता एक पेड़ मॉ के नाम लगाए ऐसा आग्रह किया गया एवं हर महीने के अंतिम रविवार को मन के बात कार्यक्रम हर बूथ पर प्रत्येक कार्यकर्ता सुने ऐसा भी आग्रह किया गया मंडल कार्यसमिति समपन्न हुआ कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि एसटी मोर्चा प्रदेश महामंत्री 'पंकज सिंह तेकाम' वरिष्ठ धोबी सिंह परस्ते मंडल महामंत्री अनिल साहू गजेन्द्र ठाकुर मंडल उपाध्यक्ष रामनाथ उद्दे रामसिंह नेताम मंडल मंत्री किशोर मार्को सोभाराम धूर्वे रामकुमार बनवासी रामसिह राजेन्द्र यादव मंगल ठाकुर रजेश सोनी संजय जगेला शेकी चंद्रोल भद्दू सिह मोहारी श्रवण परस्ते नरायण ठाकुर मनीष ठाकुर कीरत यादव कीर्तन मरावी ओमप्रकाश ठाकुर लालकृष्ण ठाकुर पार्बती बर्मन सतोषी रघुवंशी कमला ठाकुर अनूप मरावी अनिल साहू अजय कुशराम रघूविर सैयाम एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल संचालन मंडल मंत्री किशोर मार्को ने किया।

## सेंट्रल बैंक की शाखा बिछिया में फिर शुरू करने की मांग, कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पहल करने का उठाया गया

हरिभूमि न्यूज शहपुरा।



जिले के शहपुरा विकासखंड अंतर्गत बिछिया में वर्ष 2006 तक संचालित होते रहे सेन्ट्रल बैंक की शाखा को पुनः बिछिया में ही संचालित करने की मांग की गई। ग्राम पंचायत बिछिया के सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का एक हस्ताक्षर पत्र कलेक्टर विकास मिश्रा को सौंपा गया। पत्र में उल्लेख किया गया कि सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया की शाखा विछिया निवास के माध्यम से बिछिया ग्राम में ही संचालित थी। उक्त शाखा का स्थापना पंजीयन भी ग्राम बिछिया के लिए हुआ है, लेकिन वर्ष 2006 के बाद उक्त शाखा को स्थानांतरित कर तहसील मुख्यालय शहपुरा में संचालित कर दिया गया। बताया गया कि भारतीय रिजर्व बैंक के प्रावधान के अनुसार स्थान परिवर्तन गांव के अंदर हो सकता है, लेकिन इसे 15 किलोमीटर दूर स्थानांतरित कर दिया गया। बताया गया कि शहपुरा में संचालित बैंक बिछिया निवास शाखा के नाम से ही संचालित हो रही है। बताया गया कि बैंक की सुविधा न मिलने से बिछिया के लोग परेशान हो रहे हैं। इस ओर कलेक्टर से पहल करने की मांग की गई है। बताया गया कि शाखा स्थानांतरण के समय बैंक के पदाधिकारियों ने लिखित में आश्वासन दिया था कि मंगलवार और शनिवार को उनके द्वारा ग्राम बिछिया में सामान्य बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, लेकिन उस पर भी अमल नहीं हुआ। ज्ञापन सौंपते समय बिछिया निवासी संजय साहू, सुरेंद्र राय, संतोष नामदेव, दीपक राय, संदीप राय सहित अन्य जन मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### नहीं रहे शिक्षक गोविंद प्रसाद सोनी

**नरसिंहपुर।** गत दिवस डोभी ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक सोनी परिवार वयोवृद्ध सदस्य, सेवानिवृत्त शिक्षक गोविंद प्रसाद सोनी का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया है। आप सेवानिवृत शिक्षिका श्रीमती आशा सोनी के पति, आदित्य सोनी भोलू एवं अमित सोनी गोलू के पूज्य पिताजी और पत्रकार किशन सोनी शिक्षक सुदामा प्रसाद सोनी ,मुरारी सोनी, के भाई थे। जिनकी अंत्येष्टी स्थानी मुक्तिधाम में की गई जहां पर समाज के सभी वर्गो द्वारा श्रद्धांजलि दी गई ।

### सृजन राज नेमा का सीए में चयन



**नरसिंहपुर।** पांच सालों की अथक मेहनत की पढ़ाई ने शहर के सृजन राज नेमा को कठिन परीक्षा में सफलता दिलाई। बीते दिवस जारी किये गये परीक्षा परिणाम मे सफलता मिलने के बाद परिवार मे खुशी का माहौल है। दादा स्व. किशनलाल नेमा फिर पिता उमेश नेमा अधिवक्ता है। इस परंपरागत क्षेत्र को छोड़कर सृजन ने एक अलग राह चुनी और मेहनत कर मंजिल को पा लिया। इस सफलता का श्रेय वे अपने परिवारजनों व शुभचिंतकों दिया।

### मृत अवस्था में मिला युवक शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**नरसिंहपुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत श्याम टॉकीज के पास, पटेल वार्ड निवासी अमन पटवा पिता प्रदीप पटवा उम्र 28 वर्ष अपने दोस्त के साथ राजस्थान के नंदनगर गांव गया हुआ था वहीं सुलभ शौचालय में उसका शव मृत अवस्था में मिला और प्राइवेट एंबुलेंस की सहायता से उसे नरसिंहपुर लाया गया वहीं परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए शव के पोस्टमार्टम करवाने की मांग की। अस्पताल चैकी पुलिस के द्वारा जिला अस्पताल में शव का पंचनामा कार्रवाई के बाद मर्ग प्रकरण कायम कर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा कि युवक की मौत किन कारणों के चलते हुई है।

### ग्रामीण को सर्प ने काटा

**नरसिंहपुर।** बीते दिवस गाडरवारा थाना के ग्राम करहैया निवासी सूरज पिता भीकम मिरधा 24 वर्ष को सर्पदंश के कारण परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के अनुसार युवक को खेत में कार्य करते समय सर्प ने काटा था। मामले को जांच में लिया है।

### जहरीली वस्तु के सेवन, 2 की मौत

**नरसिंहपुर।** गत दिवस युवक की जहरीली वस्तु के सेवन से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शरद पिता डोमन महोबिया उम्र 20 वर्ष निवासी पनारी थाना महाराजपुर जिला सागर द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर मर्ग पंचनामा तैयार किया गया शव का परीक्षण आज कराया जावेगा। वही दूसरे मामले मे करेली थाना अंतर्गत करेली बस्ती निवासी सतीश जाटव पिता लेखराम जाटव उम्र 27 वर्ष ने अपने ही घर में जहरीली दवा का सेवन कर लिया था वही परिजनों को सूचना मिलने पर वह उसे करेली शासकीय अस्पताल उपचार के लिए ले गए जहां स्थिति गंभीर देखते हुए उसे नरसिंहपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया वहीं डॉक्टर ने उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया अस्पताल पुलिस चौकी ने शव का पंचनामा कार्वाई के बाद पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

## लक्ष्य प्राप्त होने तक अडिग रहें विद्यार्थीः मंत्री श्री पटेल

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ









**नरसिंहपुर ।** गत दिवस प्रदेश के समस्त 55 जिलों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में इंदौर में किया गया। इसी कड़ी में जिले के स्वामी विवेकानंद शासकीय पीजी कॉलेज नरसिंहपुर को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की श्रेणी में अपग्रेड कर चयनित किया गया है। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता और तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल की उपस्थिति में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ, विवेकानंद उद्यान में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पौधरोपण, विद्यार्थी सहायता केन्द्र, विद्या वन में पौधरोपण, अवलोकन एवं विद्यार्थी बस सेवा का उदघाटन किया गया।

### समितियों ने प्रस्तुत किये सुझाव

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री पटेल ने कहा कि उन्होंने एक्सीलेंस शब्द पहली बार तब सुना जब जबलपुर साइंस कॉलेज को एक्सीलेंस कॉलेज का दर्जा मिला था। आजादी के बाद उच्च शिक्षा में सुधार व परिवर्तन करने के लिए अनेक समितियों का गठन किया गया था। इन समितियों ने अपनी- अपनी रिपोर्ट में अलग- अलग सुझाव प्रस्तुत किये थे। प्राथमिक स्तर पर बच्चों को संस्कार व शिक्षा देकर उनके भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा नई शिक्षा नीति लागू की गई, जिसमें उक्त बातों का विशेष ध्यान रखा गया। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि जब वे केन्द्र सरकार में संस्कृति विभाग के मंत्री थे, तब इस समिति के सदस्य के रूप में शामिल थे।

### विद्यार्थी लक्ष्य के लिये रहे अडिग

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि वर्तमान में नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को यह समझने की आवश्यकता है कि परीक्षा का तात्पर्य केवल पास होना ही नहीं, बल्कि अपने हुनर एवं क्षमता को बेहतर कर उसमें पारंगत होना है। हमारे व्यक्तित्व में बहुत सारी बातें हमारे विवेक पर निर्भर करती हैं। वर्तमान नीति के अनुसार अब विद्यार्थियों को हर प्रकार की शिक्षा मिलेगी। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ- साथ खेल के माध्यम से भी अपना मुकाम हासिल कर सकते हैं। उन्होंने अपने छात्र जीवन की चर्चा करते हुए बताया कि स्नातक के तौर पर उन्होंने बीएससी की। उनके मित्र ने पीएससी की तैयार कर प्रशासनिक सेवा में जाने का निर्णय लिया। छात्र जीवन वह समय रहता है, जब हम अपना लक्ष्य निर्धारित करते हैं। लक्ष्य को परिश्रम के साथ पाने के लिए प्रयास करते हैं, किंतु कई बार ऐसे भी अवसर आते हैं, जब मन में भटकाव होता है और हम अपने लक्ष्य को भूल जाते हैं। मंत्री श्री पटेल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि एक बार लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने के लिए अडिग रहें।

### पीएम एक्सीलेंस कॉलेज की दी जानकारी

उन्होंने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि यदि हम संसाधन से परिपूर्ण हैं, तो हमें योग्य व्यक्ति को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना होगा। क्योंकि उस व्यक्ति में ऐसे हुनर होते हैं, जिन्हें वह अपनी परिस्थितियों के कारण आगे नहीं ला पाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आपका भविष्य चुनौतीपूर्ण है। हमें अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रकृति के साथ अनुकूल जीवन जीने की आदत डालनी होगी। पर्यावरणीय चुनौतियों को सुधारना होगा। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पौधों को वृक्ष होने तक उनकी देखभाल एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी होगी। तेंदूखेड़ा विधायक श्री पटैल ने भी इस अवसर पर नई शिक्षा नीति से हुए बदलाव की भी चर्चा की। उन्होंने सीएम राईज स्कूल, पीएम श्री स्कूल एवं पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के बारे में भी बताया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने भी अपने विचार व्यक्त किये और विद्यार्थियों को शिक्षा में बहुआयामी पहलुओं को शामिल कर व्यक्तित्व निर्माण पर जोर देने के लिए कहा।

### महाविद्यालय का किया अवलोकन

कार्यक्रम के पूर्व में महाविद्यालय परिसर स्थित भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ पहुंचकर यहां उपलब्ध भारतीय विचारकों की किताबों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि यहां पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, स्वामी विवेकानंद सहित अन्य भारतीय विचारकों द्वारा लिखित किताबें भी विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध हो। विद्यावन में पौधरोपण के दौरान कहा कि यहां विद्यार्थी पौधे से वृक्ष बनने तक की प्रक्रिया में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए उनकी सुरक्षा करें। प्राचार्य डॉ. आरपी सिंह द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के अवधारणा को विस्तार से बताया। मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी द्वारा प्रकाशित पुस्तक की बुक स्टॉल से विद्यार्थियों को पुस्तकों के प्रिंट रेट पर आकर्षक छूट सहित क्रय हेतु उपलब्ध रहेंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती का पूजन- अर्चन उपरांत सामूहिक राष्ट्रगान के साथ किया। कार्यक्रम का संचालन अर्पित सक्सेना एवं डॉ. प्रभाति सेन व आभार डॉ. सतीश दुबे ने किया।

### इनकी रही उपस्थिति

डीएफओ लवित भारती, जिला पंचायत सीईओ दलीप कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, डॉ. अनंत दुबे, मनोहर लाल साहू, बंटी सलूजा, विनीत नेमा, पार्षदगण, अन्य जनप्रतिनिधि, डॉ. सीएस राजहंस, डॉ. गणेश प्रसाद सोनी, डॉ. स्वाति चांदोरकर, भरत ठाकुर, कॉलेज का स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

## घर - घर जाकर दी जा रही दवाई व जानकारी



**नरसिंहपुर ।** शासन के आदेशानुसार आयुष विभाग द्वारा घर - घर जाकर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी तथा दवाईयां दी जा रही है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में संपूर्ण जिले मे प्रचार प्रसार किया जा रहा है। शासन की योजना को जनमानस तक पहुंचाने हेतु आयुष आपके द्वार के अंतर्गत बरसात के मौसम में स्किन पर एलर्जी, डेंगू बुखार, मलेरिया, चिकनगुनिया वायरस इन्फेक्शन, गैस्ट्रो इंटाइटिस, टाइफाइड, पीलिया, जैसी बीमारी फैल सकती है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. सुरतना सिंह चैहान के द्वारा बताया गया। योजना के लिए डॉ दिलीप साहू नोडल अधिकारी बनाया गया हैं बीमारियों की रोकथाम के लिए आयुष चिकित्सक, आयुष महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आयुष कंपाउंडर, आयुष दवासाज आमजन को स्वास्थ्य शिक्षा घर घर जाकर प्रदान कर रहे हैं एवं आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक दवाई का वितरण निशुल्क किया जा रहा है। इसके साथ ही बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं। मानसून के दौरान सड़कों के आसपास या घरों में जमा पानी में मच्छर पनपने लगते हैं। ये मच्छर डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया की बीमारी के लिए जिम्मेदार हैं ऐसे में आप इन मच्छरों से बचने की कोशिश करें। पूरे शरीर को कपड़ों से ढक कर रखें जिससे कि मच्छर ना काट सकें। घरों तथा आसपास की जगहों पर पानी जमा ना होने दे। नीम का धुआं करे। गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल, कोलाइटिस की वजह से डिहाइड्रेशन और डायरिया की बीमारी का खतरा बढ़ सकता है। खानपान कास भी विशेष ध्यान रखा जावे। साफ और उबला हुआ पानी पियें तथा साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें।

## ऑटो में छूटा मोबाइल, चालक ने पुलिस के समक्ष किया सुपुर्द



**नरसिंहपुर।** नगर में किसी यात्री द्वारा आटो में यदि कभी भी कुछ साम्रगी भूलवश छूट जाती है तो मां शांति कृपा ऑटो चालक संघ अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष द्वारा सभी आटोचालकों को थाने में सूचित कर साम्रगी को लौटाने के सख्त निर्देश हैं। इसलिए नरसिंहपुर में आटो में बैठने वाले यात्रियों का खोया हुआ सामान हमेशा की तरह इस बार भी स्टेशन गंज पुलिस थाने पहुंच कर लौटाया गया। आपको बता दें सुपला निवासी भीकम का रेडमी कंपनी का मोबाइल ऑटो चालक को मिला जिसकी सूचना उसने अपने उपाध्यक्ष रघुराव मराठा को दी। सूचना मिलते ही रघुराव मराठा ने मोबाइल को लेकर लाईट गुल होने एवं बारिश को रूकने का इंतजार ना करते हुए थाने पहुंचकर मोबाइल धारक का पता लगवा कर पुलिस के समक्ष गुमे हुए मोबाइल को सौंपा। गौरतलब रहे कि आटोचालकों की ईमानदारी के पूर्व में भी यात्रियों को रूपये से भरा बैग और गहने लौटाए जा चुके हैं। वहीं स्टेशन गंज थाना स्टाफ द्वारा आटोचालक की ईमानदारी की प्रशंसा की जा रही है।

## देखा व सुना गया लाइव प्रसारण कार्यक्रम



**करेली।** गत दिवस स्थानीय महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय करेली में इंदौर से प्रसारित भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के द्वारा उद्घाटित किये गये प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यू.एस. परमार, उप प्राचार्य डॉ. ए. के. बाजपेयी सहित लगभग 22 प्राध्यापकों 08 कर्मचारियों एवं विभिन्न विद्यार्थियों ने सहभागिता की। गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बतलाये हुए जीवन के प्रति लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की प्रेरणास्पद सूत्रों को विद्यार्थी एवं महाविद्यालय परिवार ने अपनाते हुए अपने आस-पास खाली जमीन में एक पेड़ माँ के नाम का संकल्प लेते हुए पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने मध्यप्रदेश को नई शिक्षा नीति के क्षेत्र में अग्रणी बताते हुए यहां पर विभिन्न योजनाओं के बारे में जो जानकारी दी सभी ने उसको अंगीकार करते हुए विद्यार्थियों को स्वरोजगार व आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण बतलाया।

## 482 लोगों के काटे चालान, वसूला 82 हजार

नरसिंहपुर



गत दिवस पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिला अंतर्गत चलाए जा रहे एक दिन एक रोड अभियान के तहत विगत एक सप्ताह में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कान फाडू, तेज आबाज सायलेंसर वाले 9 वाहनों, बिना हेतमेट, बिना सीट बेल्ट पहने वाहन एवं नियम विरूद्ध वाहन चलाने वाले 482 लोगों के काटे गये चालान, किया गया 82400 रूपये समन शुल्क वसूल एवं रोड पर दुकान लगाकर यातायात बाधित करनें वालों को हिदायत दी गई। जिला अंतर्गत मुख्य नगरीय एवं व्यस्तम क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था में सुधार लाने एवं यातायात बाधित करने वाले दुकानदार, हाथ ठेले एवं नियम विरूद्ध वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करना है ताकि आमजनों को असुविधा का सामना न करना पडे साथ ही जिले में घटित होने वालें अपराधों पर अुकंश लगाया जा सके। शिकायते प्राप्त होने पर तेज साउड वाले एवं मॉडीफाई कान फाडुसाइलेंसर लगवाकर धमा-चैकड़ी मचाने वाले बुलट मोटर सायकिल चालकों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में विगत विगत एक सप्ताह में कान फाडू, तेज आबाज सायलेंसर वाले 9 वाहनों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जाकर उनके सायलेंसर निकाले गये है एवं उनके विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर 9 हजार रूपये समन शुल्क वसूल किया गया। इसी क्रम में विगत एक सप्ताह में बिना हेतमेट, बिना सीट बेल्ट पहने एवं नियम विरूद्ध वाहन चलाने वालें 482 लोगों के काटे गये चालान, 82400 रूपये समन शुल्क वसूल किया गया है। जिले में चलाए जा रहे अभियान एक दिन एक रोड के तहत यातायात पुलिस नरसिंहपुर एवं स्थानीय थाना पुलिस टीमों द्वारा जिले के मुख्य नगरीय क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए ऐसे दुकानदार जो अपनी दुकान का सामान रोड पर रखकर यातायात बाधित करते है एवं हाथ ठेले वाले दुकानदारों को निर्धारित स्थान पर लगवाया गया एवं भविष्य में रोड पर दुकान न लगाने की हिदायत दी गयी साथ ही चेतावनी दी गयी कि आपके द्वारा पुनः नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो आपके विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जावेगी।

## क्रासिंग करते समय ट्रक ने मारी टक्कर 1 मृत 1 घायल

नरसिंहपुर

विगत दिवस करेली वायपास स्थित पेट्रोल पंप के पास क्रासिंग के दौरान एक बाइक को किसी ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। करेली पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में लिया है। घटना में करेली पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान घूरपुर झामर निवासी महेंद्र धानक के रूप में हुई है जबकि उसके साथ गेंदालाल पिता लालचंद धानक सवार था। बताया जाता है कि बाइक सवार गाडरवारा की ओर जाने निकले थे। घटना की सूचना मिलने पर घायलों को इलाज के लिए करेली स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां महेंद्र की मौत की पुष्टि हुई। जिस ट्रक ने टक्कर मारी थी उसका अब तक पता नहीं चल सका है। वहीं बीते गुरूवार की रात ग्राम लिंगा के पास भी जहां डायवर्ट रूट का प्वाइंट हैं वहां दो बाइक में टक्कर हो गई। जिसमें एक बाइक चालक सहित उसकी पत्नी व दो बच्चों को चोट आई। जबकि दूसरी बाइक सवार भी घायल हो गए। हालांकि घायलों के संबंध में करेली पुलिस कह रही है कि घटना की सूचना पर जब पुलिस मौके पर पहुंची थी तब वहां कोई मिला नहीं था। अस्पताल से भी जानकारी नहीं आई है।

### मारपीट से एक घायल

**नरसिंहपुर।** कोतवाली थाना के तहत आने वाले भटियाटोला निवासी नेतराम पिता पन्नालाल चौधरी को मारपीट में घायल होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उससे पूछताछ के बाद स्पष्ट होगा कि किन लोगों ने उसके साथ मारपीट की है।

### कलार समाज का प्रतिभावान छात्र, छात्राओं का सम्मान समारोह 28 को

**बालाघाट।** जिला सर्ववर्गीय कलार समाज के प्रतिभावान छात्र, छात्राओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन आगामी 28 जुलाई को नगर के शीतल पैलेस में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है। उक्ताशय की जानकारी कार्यक्रम संयोजक नरेन्द्र धुवारे ने देते हुए बताया कि प्रतिभावान सम्मान समारोह में 70 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया जाएगा।

## लोक निर्माण विभाग नहीं कर रहा अस्थायी नाली का निर्माण

# बरसात के पानी की निकासी नहीं होने से सड़क मार्ग के बरबाद होने की आशंका

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



रामपायली में मुख्य मार्ग पर स्थित बस स्टैंड से श्रीराम मंदिर और नीम वाले बाबा की दरगाह तक लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए गए सडक़ मार्ग के दोनों ओर नाली का निर्माण नहीं किए जाने से बरसात के मौसम में नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। विदित हो कि लोक निर्माण विभाग द्वारा डामर सडक़ का निर्माण करने के दौरान इस बात का ख्याल नहीं रखा गया कि बरसात के मौसम का पानी बरसने के बाद सडक़ से बहकर कहॉ जायेगा? विभाग के अधिकारियों की इस लापरवाही का परिणाम यह निकल रहा हैं कि प्रति वर्ष वर्षाकाल के दौरान सडक़ मार्ग के दोनों तरफ बरसात का पानी एकत्रित हो जाता हैं, जिसके कारण सडक़ मार्ग भी खराब होता हैं और नागरिकों को आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं।

सडक़ बनने के बाद एक वर्ष लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्षा काल में सडक़ मार्ग के दोनों तरफ अस्थायी नाली का निर्माण करवाया गया था। लेकिन पिछले 2 वर्षो से लोक निर्माण विभाग के अधिकारीगण अस्थायी नाली का निर्माण करवाने के मामले में उदासीन बने हुए हैं। इस संबंध में रामपायली के जनप्रतिनिधियों द्वारा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अवगत कराते हुए अस्थायी नाली बरसात के दौरान बनने का अनुरोध किया गया था। लेकिन उसके बाद भी अधिकारियों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया हैं। जिसके कारण अब यह वर्षा का जल सडक़ मार्ग किनारे निवासरत घरों में घुस रहा हैं। जिससे मकानों को भारी क्षति होने के अंदेशे को टाला नहीं जा सकता और मार्ग के दोनों और कीचड़ मक्खी मच्छर का साम्राज्य बढ़ते जा रहा है। गत विधानसभा चुनाव के दरमियान श्रीराम मंदिर से लेकर नीम वाले बाबा की दरगाह तक यह मार्ग का लाखों रुपए की लागत से निर्माण किया गया था। जो लोक निर्माण विभाग की कुंभकर्णी नींद के कारण अब गहरे गड्ढों में तब्दील हो जाएगा। जिसके चलते आमजनों को भारी तकलीफों का सामना पुनः करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने अविलंब उचित करवाई करने की मांग लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से की हैं।